

# लापरवाही ! रैलिंग विहीन पुल छीन रहे निर्दोष जिंदगियां

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 सितंबर. पुल पर रैलिंग नहीं होने का खामियाजा एक निर्दोष ग्रामीण को बीती रात अपनी जान देकर भुगतना पड़ा. मछली पुल के रैलिंग विहीन पुल से बाइक सहित नाले में गिरे युवक की दर्दनाक मौत ने नकारा सिस्टम पर एक बार फिर सवालिया निशान लगा दिए हैं. कुछ दिन पहले भी इसी पुल से गिरकर एक और व्यक्ति का प्राणांत हो चुका है.**

बीती देर रात थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले मछली पुल के नाले में बाइक सहित गिरने से एक ग्रामीण युवक की मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम थूना कलां निवासी 35 वर्षीय ओमप्रकाश मेवाड़ा आ. मिश्रीलाल बीती देर रात बाइक से अपने गांव लौट रहा था. बताया जाता है कि रैलिंगविहीन मछली पुल के पास अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह बाइक सहित नाले में जा गिरा. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जब तक उसे बाहर निकाला जाता उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पीएम के लिए रखवा दिया था. सोमवार को पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है.

रैलिंगविहीन मछली पुल से नाले में गिरने से यह पहली मौत नहीं है. बीते माह भी पैदल जा रहा एक व्यक्ति नाले में गिर गया था. पत्थरों से आई चोट के कारण उसकी मौत हो चुकी थी. इसके अलावा दर्जनों बार नाले में गिरे लोगों को वहां से गुजरने वालों ने निकालकर उनकी जिंदगी बचाई है. इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा नाले की मुंडेरों पर रैलिंग लगाना जरूरी नहीं समझा गया है.

दिन के उजाले में तो लोग संभलकर पुल से निकलते हैं, लेकिन रात को अंधेरा होने के बाद मछली पुल चौराहे पर रोशनी का अभाव रहता है. ऐसे में हादसों की संभावना बनी रहती है. स्टेशन की ओर जाने वाले पुल के मोड़ पर तो अक्सर हादसे होते हैं, क्योंकि मुड़ने के दौरान बाइक अथवा कार का जरा भी संतुलन बिगड़ा तो सीधे नाले में ही जा गिरता है.

### पार्वती पुल की रैलिंग भी गायब, गिर चुके हैं कई वाहन

नदी- नालों के पुलों पर रैलिंग लगाने में कोताही बरतने वाली सिर्फ नगरीय निकाय ही नहीं है. लोक निर्माण विभाग भी अपनी जिम्मेदारी का उचित निर्वहन नहीं कर पा रहा है. इसकी बानगी है सीहोर- शुजालपुर मार्ग. ग्राम चांदबड़ के आगे पार्वती नदी पर काफी ऊंचा पुल बना हुआ है. इस पुल पर सुरक्षा की दृष्टि से लगाई गई रैलिंग चोरों की भेंट चढ़ चुकी हैं. अथवा पानी के तेज बहाव में बह चुकी हैं. इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आना- जाना बना रहता है. सीहोर से कालापीपल, शुजालपुर, शाजापुर सहित दर्जनों ग्रामों तक जाने वाला यह व्यस्ततम मार्ग है. बीते दो साल से पुल की अधिकांश रैलिंग गायब हो चुकी हैं. नतीजतन वाहनों के गिरने की संभावना बनी रहती है.

## प्राथमिकता के आधार पर होगा नवीनीकरण

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है। छात्रावास में नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा। छात्रावासों में प्रवेश के लिए नवीन विद्यार्थी अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवास सहायता योजना का लाभ लेने हेतु विभाग के एमपीटॉस पोर्टल पर बेबसाईड के माध्यम से आवास सहायता योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा।

# नियमों का पालन कराने फील्ड पर उतरी पुलिस

**15 दिन तक चलेगा अभियान, होगी चालानी कार्यवाही**

**बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना उद्देश्य**





नवभारत न्यूज

**विदिशा 8 सितम्बर, यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए विदिशा पुलिस मैदान में उतरी है. जो नियमों का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाही की जाएगी. इस अभियान की शुरूआत सोमवार से हो चुकी है. यह अभियान 22 सितंबर तक चलेगा.**

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के पालन में एसपी रोहित काशवानी के निर्देश, एएसपी प्रशांत चौबे एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना यातायात प्रभारी के नेतृत्व में 15 दिन तक विशेष यातायात अभियान चलाया जा रहा है.इस अभियान का मकसद है कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें हो रही मृत्यु दर को नियंत्रित करना तथा आमजन में यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करना.

पुलिस वाहनों की जांच के साथ इन बिंदुओं पर कार्रवाई करेगी .तेज गति से वाहन चलाना. बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन चलाना..नाबालिग द्वारा वाहन चलाना. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग. शराब पीकर वाहन चलाना. गलत दिशा से वाहन चलाना. ओवरलोडिंग वाहन चलाना. बिना रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व परमिट के वाहन चलाना.

सोमवार को पुलिस ने दोनों थाना क्षेत्रों में बदमाशी करने वाले बदमाशों को पुलिस बाजार में पैदल लेकर निकली, जहां सिविल लाइन क्षेत्र के उन बदमाशों पर कार्यवाही की जो पिछले कुछ दिनों से इलाके में बदमाशी कर रहे थे. जो थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल थे. वहीं कोतवाली पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है .सविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों को जो थाने की गुण्डा लिस्ट में शामिल थे. उन पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने इलाके में पैदल घुमाया. सोमवार दोपहर को सिविल लाइन टीआई आके मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र में दर्ज आदतन पांच अपराधियों का गिरफ्तार किया गया था.



# देवल गौशाला से कब्जा हटाया

नवभारत न्यूज

**बीना 8 सितंबर. बीना के प्रस्तावित देवल ग्राम की गौशाला की दस एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई.**

एसडीएम बीना विजय डेहरिया ने बताया कि बीना की देवल ग्राम में 412 एकड़ में अत्याधुनिक गौशाला प्रस्तावित की गई है जिसमें कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया था. उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं पंचायत के द्वारा संयुक्त रूप से जांच करने पर कुछ लोगों के द्वारा लगभग 10 एकड़ जमीन पर फेंसिंग एवं टपरा बनाकर अतिक्रमण किया गया था जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है उस पर कार्रवाई की गई. उन्होंने बताया कि गोशाला की भूमि पर फेंसिंग लगाकर और टपरा बनाकर अवैध रूप से कर कब्जा किया गया था, जिसको जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई.

# नदी बनी मौत का कुआं : नाबालिग डूबी

नवभारत न्यूज

**गुना 8 सित. का। जिले में बारिश के मौसम के साथ नदियों और तालाबों में डूबने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सोमवार सुबह राघौगढ़ थाना क्षेत्र के जंजाली चौकी के अंतर्गत बेरा खेड़ी गांव में 12 वर्षीय बच्ची आराधना राव की पार्वती नदी में डूबने से मौत हो गई।**

घटना के बाद से ही गांव में मातम पसरा हुआ है और नदी किनारे लोगों की भीड़ जुटी रही। मिली जानकारी के अनुसार, आराधना सुबह लगभग 9 बजे अपने पिता रघुराज सिंह राव के साथ नदी में नहाने गई थी। पिता खेती किसानी करते हैं और गांव से लगे नदी किनारे ही परिवार के साथ रहते हैं। बताया गया कि नहाते समय बच्ची अचानक गहरे पानी में चली गई। पिता को तैरना नहीं आता था, इसलिए वे अपनी बेटी को बचा नहीं पाए। घबराए पिता ने तुरंत ग्रामीणों को आवाज दी और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर गुना से एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नदी में बच्ची की तलाश शुरू की।



जिले के आरोन थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 सितंबर 2025 को आरोन थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो उसी दिन उसके पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर आरोन थाने में अपराध क्रमांक 423/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर पुलिस ने जांच शुरू की।



## कलेक्टर ने मानसी का किया सम्मान

**अशोकनगर।** मानसी रघुवंशी द्वारा कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियन शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर द्वारा जिले की बेटी मानसी के द्वारा आयोजित की गई उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपनी मेहनत और लगन के साथ सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ती रहें। जिला प्रशासन की ओर से आपको खेल में आगे बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# शिक्षा को बढ़ावा देने निकाली जागरुकता रैली

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने एकजुट होकर एक विशाल साक्षरता रैली निकाली। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों समेत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने और साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।**



साक्षरता मिशन के समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि यह आयोजन उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा था। जिसका उद्देश्य जन-भागीदारी से साक्षरता को व्यापक स्तर पर फैलाने के साथ ही साक्षरता को बढ़ावा देना, शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों से लोगों को अवगत कराना एवं नगर के सभी वार्डो एवं विकासखंड पलेरा के सभी ग्रामों को पूर्ण साक्षर करना इस रैली का मुख्य लक्ष्य था।

जिसमें समूचे नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर यह रैली निकाली। बैनर पोस्टर हाथों में थामकर नारे लगाते हुए नगर के मुख्य मार्गों पर प्रदर्शन किया।

# असहाय वृद्ध को मिर्गी का दौरा रेलवे कर्मियों ने बचाई जान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,रेलवे सिग्नल विभाग, गंजबासौदा ने एक बार फिर साबित किया कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च धर्म है.सोमवार सुबह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक अज्ञात, असहाय वृद्ध को अचानक मिर्गी का तेज़ दौरा पड़ा.वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिरकर तड़पने लगा, लेकिन सैकड़ों की भीड़ में से कोई भी रेल यात्री मदद के लिए आगे नहीं आया.**

जैसे ही घटना की खबर सिग्नल विभाग के कर्मचारियों को मिली, कर्मचारियों ने बिना एक पल गंवाए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला.

विभाग के मुकेश अहिरवार ने तुरंत डायल 108 पर एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की, जबकि मोहित रैकवार ने श्रमदान दल के सदस्य एवं अपने साथी आकाश जैन को घटना से अवगत कराया.तत्पश्चात आकाश जैन की अगुआई में करन राय, मोहन कुशवाह, मोहित रैकवार, मुकेश अहिरवार और प्रदीप अहिरवार ने मिलकर वृद्ध को स्ट्रेचर की मदद से 108 एम्बुलेंस से राजीव गांधी जन चिकित्सालय पहुंचाया.

## एक नजर में





### अधिकारियों ने ली साक्षरता की शपथ

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई. अपने गांव, शहर, मोहल्ले को संपूर्ण साक्षर करने के लिए पूर्ण योगदान देने तथा अपने घर, परिवार, पड़ोस एवं गांव, शहर के सभी असाक्षरों को चिन्हांकित कर उन्हें साक्षर होने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई.

### पारसडोह पर होगा 7 दिवसीय पितृ शांति यज्ञ

**मुलताई।** मां ताप्ती नदी पर बने पारसडोह बांध पवित्र क्षेत्र में 12 से 18 सितम्बर तक 7 दिवसीय सर्व पितृ शांति यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समस्त पितृों के निमित्त पितृ पक्ष में आयोजन किया गया हैं। जिससे आप पितृ ऋण व अकाल मृत्यु ( पितृ )तथा पितृ दोष से मुक्त होकर पुण्य के भागीदार बन सकें एवं अपने सभी पितृों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।कथा वाचक पंडित सुभाष कुम्भारे ने बताया आगामी होने वाले कार्यक्रम में सभी क्षेत्रीय परिजनों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पितृ आवाह्न,देव पुजन,कलश स्थापना , मुंडन कर्म ( पितृों के निमित्त ) व दस स्नान सहित अतिरिक्त पुजन क्रम सम्पन्न कराया जाएगा।



### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट

**गौरझामर.** धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले जाने से गुस्साए लोगों ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर आरोपी लीलाधर साहू निवासी हांता गुगवारा के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करने की मांग की है. आवेदन में बताया कि लीलाधर साहू द्वारा व्हाट्सएप व फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली एक पोस्ट डाली. जिसमें पितरों को तर्पण कर रहे लोगों के बारे में अनर्गल टिप्पणी की गई थी. आरोपी पर एफआईआर न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई.

### नि :शुल्क हेल्थ, आई चेक अप केम्प कल

**राजगढ़.** श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मोटर ट्रांसपार्ट कर्मकार अधिनियम 1961 अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग के सहयोग से मोटर ट्रांसपोर्ट में संलग्न कर्मकारों ड्रायवर, कंडक्टर, क्लिनर आदि हेतु नि :शुल्क हेल्थ, आई चेक अप केम्प जिला चिकित्सालय के आई भवन नेत्रालय कक्ष में 10 सितम्बर को प्रात: 10 बजे आयोजित किया गया है.

### हरदा की बेटी फिजा खान बनीं गोल्ड मेडिलिस्ट

**हरदा** जिले के लिए गर्व का विषय है कि हरदा की बेटी ने हरदा का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का सत्र 2023-24 का दीक्षांत समारोह का आयोजन भोपाल के मिंटो हाल में आयोजित किया गया जिसमें हरदा जिले में रहने वाली कु .फिजा खान पुत्री श्री यूसुफ आजाद खान को बरकतउल्लाह विश्विद्यालय भोपाल के यूटीडी में अध्ययन करते हुए मध्य प्रदेश में संपूर्ण विज्ञान संकाय के एमएससी कंप्यूटर साइंस विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

# जमीनी विवाद में युवक की हत्या

## घटना के बाद पूरे गांव में फैली सनसनी

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम खेजरा चक में सोमवार सुबह जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच हुई इस वारदात में 30 वर्षीय युवक खेरु पारदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई।**

जानकारी के अनुसार मृतक खेरु पारदी की भैंसे पड़ोसी रामपूजन पारदी के खेत में घुस गई थीं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने गाली-गलौज कर खेरु पर गोली चला दी। जानकारी के अनुसार लगभग 9 बजे तीन लोग आए और उस पर फायरिंग शुरू कर दी। छर्रे सीधे खेरू को लगे। इससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद सभी भाग गए। परिवार वाले उसे लेकर पहले निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल लेकर आए। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या ने समाज की महिलाएं अस्पताल में एकत्रित हो गईं।

# बारिश की विदाई में जल भराव पर मंथन

## अनोखा है नर्मदापुरम - जल भराव से निपटने के लिये नपा बना रही है योजना

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 08 सितम्बर 2025**

अनोखा नर्मदापुरम हर बात में सबसे जुदा है,यहां की नगर पालिका की तो बात ही निराली है,जहां पूरा तंत्र ही बेलगाम दिखता है,बात करें नगर पालिका के मुख्य अधिकारी की तो पूरा शहर उनसे परेशान है,बल्के कहें तो ज़िला प्रशासन की मुखिया से लेकर संभागीय आयुक्त तक जमकर फटकार लगा चुके हैं।उसके बावजूद स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों के लिये पुरस्कृत किया जाता है। इससे उनके राजनैतिक संरक्षण से भी इनकार नहीं किया जा सकता।अब नए दिखावे की तैयारी भी करली गई है। गहरी नींद में सोई हुई नर्मदापुरम की जनता को फिर एक बार बेवकूफ बनाने की तैयारी करली है।बात सोमवार की है जब नपा अध्यक्ष ने विधायक सीताशरण शर्मा से शहर के मुख्य बाज़ार में जल भराव पर चर्चा की,वो भी तब जब बारिश की विदाई हो रही है, तब जब वर्षारितु में पूरे शहर सहित व्यापारी जल भराव से परेशान हो चुके हैं।अब नालियों पर अतिक्रमण नज़र आ रहा है। ये महज़ दिखावा किया जा रहा है ? या फिर कोई नया प्रोजेक्ट तैयार करके अपने क़रीबियों को फायदा पहुंचाने पर काम चल रहा है।वैसे यही मुख्य बाज़ार क्षेत्र में पूर्व नपा अध्यक्ष का भी ज़िक्रि आता है,कहीं वो तो इस बार नज़रों के सामने नहीं हैं।



### जांच — सभी मानकों पर खरा उतरा सड़क निर्माण कार्य, विशेषज्ञों ने बताया गुणवत्तापूर्ण

# 3 करोड़ से बन रही वाइट टॉपिंग सड़क की कोर कटिंग कर टेस्टिंग

**बैतूल। शहर के लल्ली चौक से नेहरू पार्क चौपाटी तक करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से बन रही वाइट टॉपिंग सड़क निर्माणाधीन है।**



हाल ही में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कुछ समाचार सामने आए थे, जिनमें आरोप लगाया गया था कि निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने इन खबरों को पूरी तरह असत्य बताते हुए स्पष्ट किया है कि सड़क की गुणवत्ता सभी निर्धारित मानकों पर खरी उतरी है। कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्रीमती प्रीति पटेल ने जानकारी दी कि विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कुछ समय पहले लल्ली चौक से नेहरू पार्क चौपाटी तक बनने वाली इस 3 करोड़ की सड़क का भूमि पूजन किया था। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और समय-समय पर इसकी निगरानी की जाए। विधायक श्री खंडेलवाल ने आमजन की समस्या और सड़क की उपयोगिता को देखते हुए निर्माण एजेंसी को जांच के निर्देश दिए थे। इसी के पालन में एजेंसी ने निर्माणाधीन सड़क से कोर काटकर सैंपल लिए और उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया। रिपोर्ट में सड़क की गुणवत्ता पूरी तरह सही पाई गई।

उन्होंने बताया कि वाइट टॉपिंग सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी की निगरानी में किया जा रहा है। समय-समय पर इंदौर और दिल्ली से आए टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ भी निर्माण का निरीक्षण कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता का बताया और कार्य की सराहना की। वाइट टॉपिंग सड़क की मजबूती लगभग 40-50 वर्ष तक बनी रहती है। निर्माण के दौरान कंक्रीट डालने के एक दिन बाद ही जॉइंट काट दिए जाते हैं, जिससे सड़क में दरारें न पड़ें।

### क्या है वाइट टॉपिंग सड़क

वाइट टॉपिंग तकनीक के तहत पहले से बनी डामर सड़क को उखाड़कर उस पर कंक्रीट की परत डाली जाती है। इसकी लागत सामान्य कंक्रीट सड़क की तुलना में कम आती है, क्योंकि इसमें अतिरिक्त लेयर बनाने की आवश्यकता नहीं होती। वाइट टॉपिंग सड़क की मजबूती लगभग 40-50 वर्ष तक बनी रहती है। निर्माण के दौरान कंक्रीट डालने के एक दिन बाद ही जॉइंट काट दिए जाते हैं, जिससे सड़क में दरारें न पड़ें।

## विवि के एमबीए विभाग में विशेष व्याख्यान

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. आर.एस. जयंत ने कहा कि शारीरिक व्यायाम के महत्व संतुलित आहार के महत्व तथा मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. उनके साथ डॉ. आदित्य दुबे, डॉ. वशिष्ठ ने भी मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर व्याख्यान दिया और छात्रों को मनहित ऐप के बारे में भी जानकारी दी जो गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है तथा सभी को नि:शुल्क परामर्श प्रदान करता है. इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. वाई. एस. ठाकुर, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रेरणा जैन, भूपेन्द्र सिंह एवं विभाग के समस्त शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे.